आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

REC Limited | आर ई सी लिमिटेड
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

**एसईसी-1/187(2)/2026/2894** **दिनांक: 23 जून, 2026**

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग,**<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग**<br>बीएसई लिमिटेड<br>पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स<br>दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400 001 |
| **स्क्रिप कोड-RECLTD** | **स्क्रिप कोड-532955** |
| **Listing Department**<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla C omplex,<br>Bandra (East), Mumbai-400 051. | **Corporate Relationship Department**<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001. |
| **Scrip Code-RECLTD** | **Scrip Code-532955** |

**विषय: स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में सूचना।**

महोदय/ महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 30 (अनुसूची III के साथ पठित) के अनुसरण में, यह सूचित किया जाता है कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने आदेश क्रमांक फाइल सं. 46/2/2010-आरई (वॉल्यूम.II) (भाग-4) (भाग-I) दिनांक 22 जून, 2026 के माध्यम से डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और डॉ. कंचियप्पन गायत्री देवी को आरईसी लिमिटेड ("आरईसी" / "कंपनी") के बोर्ड में पद का कार्यभार संभालने की तिथि से तीन महीने की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अंशकालिक गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों के रूप में नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है। तदनुसार, उन्होंने 22 जून, 2026 से पदभार ग्रहण कर लिया है।

इसके अतिरिक्त, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और डॉ. कंचियप्पन गायत्री देवी से प्राप्त घोषणाओं के अनुसार, उन्हें सेबी के किसी आदेश या किसी अन्य प्राधिकरण के आदेश के बल पर निदेशक का पद धारण करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है। उक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरण और अन्य आवश्यक विवरण इसके साथ **अनुलग्नक-I** पर संलग्न हैं।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद,

**भवदीय,**

**आरईसी लिमिटेड के लिए**
**Digitally Signed**

**(दिनेश गर्ग)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

उपरोक्तानुसार

**क्षेत्रीय कार्यालय** : बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कोलकाता लखनऊ, मुंबई, पंचकूला, पटना, रायपुर, रांची, शिलांग, शिमला, तिरुवनंतपुरम और विजयवाड़ा
**राज्य कार्यालय** : वडोदरा, वाराणसी
**प्रशिक्षण केंद्र** : आरईसी इंस्टीट्यूट ऑफ पावर मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग (आरईसीआईपीएमटी), हैदराबाद

**अनुलग्नक-I**

| क्र. सं. | विवरण | डॉ. अनिल कुमार गुप्ता (डीआईएन: 00442146) | डॉ. कंचियप्पन गायत्री देवी (डीआईएन: 07584524) |
|---|---|---|---|
| 1. | **परिवर्तन का कारण** | आरईसी के बोर्ड में अंशकालिक गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्ति। | |
| 2. | **नियुक्ति की तिथि** | 22 जून, 2026 से प्रभावी | |
| 3. | **नियुक्ति की अवधि** | पद का कार्यभार संभालने की तिथि अर्थात् 22 जून, 2026 से तीन महीने की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया गया है। | |
| 4. | **संक्षिप्त विवरण** | डॉ. अनिल कुमार गुप्ता एक प्रतिष्ठित पर्यावरणविद्, दूरदर्शी समाजसेवी और भारत के एमएसएमई क्षेत्र के एक प्रमुख अग्रणी व्यक्ति हैं। उनके पास पर्यावरणीय स्थिरता, व्यवसाय, सामाजिक विकास और प्रशासन के क्षेत्र में दशकों की सेवा का अनुभव है।<br><br>उनके पास पर्यावरण विज्ञान में एम.एस.सी के साथ-साथ एम.बी.ए.,एम.ए.,एलएल.बी. और पीएच.डी. सहित उच्च डिग्रियाँ हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की और आईआईएससी बैंगलोर से विशेष पाठ्यक्रम भी किए हैं।<br><br>वह वर्तमान में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के बोर्ड में कार्यरत हैं और पर्यावरण प्रभाव आकलन के लिए विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति [ईएसी (इंफ्रा-2)] के सदस्य भी हैं। वह भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधीन, राष्ट्रीय वक्फ विकास निगम लिमिटेड के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक थे।<br><br>वह डीएमए , ईडीएमए , आईटीआई और डीटीएनबीडब्ल्यूइडी जैसे कई संगठनों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधीन वक्फ संपत्ति पट्टा नियम (2018) पर जे.जेड.के समिति में भी अपनी सेवाएँ दी हैं। इसके अतिरिक्त, झिलमिल सीईटीपी सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में, श्री गुप्ता प्रतिदिन 16.8 मिलियन लीटर औद्योगिक अपशिष्ट के उपचार की देखरेख करते हैं। | डॉ. के. गायत्री देवी 1997 से सूर्या डायग्नोस्टिक्स में एक चिकित्सा व्यवसायी हैं।<br><br>डॉ. गायत्री सामाजिक सेवा में भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। वह वर्तमान में श्री संतोषी शैक्षणिक संस्थान समूह में सचिव और संवाददाता तथा सूर्या डायग्नोस्टिक्स और एसएसएनटी कॉलेज, चेन्नई में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।<br><br>डॉ. गायत्री कई उल्लेखनीय सार्वजनिक पदों पर रह चुकी हैं। वह वर्ष 2007 से 2010 तक राज्य महिला आयोग की सदस्य, वर्ष 2006 से 2011 तक विधायक और वर्ष 2011 से 2014 तक पर्यावरण और वन मंत्रालय में ओएसडी रही है।<br><br>उन्होंने तमिलनाडु डॉ. एम.जी.आर. मेडिकल यूनिवर्सिटी से एम.बी.बी.एस., अन्नामलाई विश्वविद्यालय से मेडिकल कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा और अन्ना विश्वविद्यालय से हॉस्पिटल मैनेजमेंट एंड हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन में एम.बी.ए. किया है।<br><br>वह 16 मई, 2025 से एनटीपीसी लिमिटेड में भी स्वतंत्र निदेशक का पद संभाल रही हैं। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | वह 16 मई, 2025 से एनटीपीसी लिमिटेड में भी स्वतंत्र निदेशक का पद संभाल रहे हैं। | |
| **5.** | **निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण** | शून्य | |

***********